आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह आज नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हथकरघा बुनकरों को संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निर्यातक, डिजाइनर और देश भर के एक हजार से अधिक बुनकर शामिल होंगे। इस दौरान देश भर में विभिन्न समारोह आयोजित किये जाएंगे। इस समारोह का उद्देश्य हथकरघा क्षेत्र के महत्व और देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन आज सातवें दिन भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान प्रभावित समेज क्षेत्र में कल सुन्नी डैम के करीब डोगरी में बरामद हुए शव की शिनाख़्त कर ली गई है। मृतक की पहचान सिद्धार्थ निवासी नंदरोल जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। सिद्धार्थ समेज में ग्रीनको हाइड्रो प्रोजेक्ट में कार्यरत था। एस.पी. शिमला संजीव गांधी ने बताया कि बचाव दलों ने अब तक 6 शव बरामद किए है। इनमें तीन की पहचान कर ली गई है, और अन्य तीन के क्षत–विक्षत शव होने के कारण डीएनए सैंपलिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि समेज में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया हुआ है और सुन्नी बांध क्षेत्र में लापता लोगों की तलाश पर जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि समेज में 3 सौ एक और सुन्नी में 61 सदस्य सर्च ऑपरेशन टीम आधुनिक उपकरणों सहित लापता लोगों की तलाश कर रही है।

उधर मंडी के राजबन में भी तलाशी अभियान के दौरान कल एक महिला का शव बरामद हुआ है और इस हादसे में 10 में से 9 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। 31 जुलाई को प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में बादल फटने की घटनाओं में अब तक कुल 17 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून के सक्रिय होने से कई स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, सिरमौर, सोलन, ऊना और शिमला जिलों में आगामी 24

घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश जबकि कुछ स्थानों पर भारी बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच कांगड़ा उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे भी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है तथा लोगों को सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों व पर्यटकों से नदी–नालों के किनारे न जाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि भारी बारिश के चलते ब्यास नदी में जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के टोल फ्री 1077 नम्बर पर संपर्क करें।

<u>ओपीडी</u>

आगामी 12 अगस्त से आई.जी.एम.सी. शिमला से सभी सुपर स्पेशलिटी ओपीडी को अटल सुपर स्पेशलिटी संस्थान चमयाणा के लिए शिफट कर दिया जाएगा। आई.जी.एम.सी. शिमला के एमएस डॉक्टर राहुल राव और अटल सुपर स्पेशलिटी संस्थान चमयाणा के एमएस डॉक्टर सुधीर शर्मा ने कल शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त से आई.जी.एम.सी में सुपर स्पेशलिटी विभाग की कोई भी ओपीडी नहीं लगेगी हालांकि आईजीएमसी में आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य हासिल करना मुश्किल नहीं–प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के हर मेधावी को 25–25 हजार रूपए देने का किया एलान। दैनिक जागरण के शब्द है–3 सौ 27 करोड़ रूपए से खरीदी जाएंगी इलैक्ट्रिक बसें। दैनिक भास्कर के अनुसार– ई–बसों की खरीद से हरित ऊर्जा राज्यों का सपना होगा साकार। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–ई–बसों की खरीद का 3 सौ 27 करोड़ मंजूर। पंजाब केसरी का शीर्षक है–हिम एक्सैस पर उपलब्ध होंगी विभिन्न विभागीय एप्लीकेशन्स। इसी पत्र की एक अन्य खबर है–प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र 27 अगस्त से 9 सितंबर तक। हिमाचल दस्तक की खबर है–वन भूमि में मकान बनाने वालों को मालिकाना हक देगी सरकार–देहरा के पौंग विस्थापितों को राहत देने की तैयारी ।

अमर उजाला ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के हवाले से लिखा है–जल्द भरे जाएंगे शिक्षकों के 7 हजार खाली पद।

मौसम पर पंजाब केसरी के शब्द है–हिमाचल में आज फ्लैश–फ्लड की चेतावनी। दिव्य हिमाचल लिखता है–आपदा प्रभावितों को मुफ्त राशन और गैस कनेक्शन देगी सरकार। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–मॉनसून सीजन में अब तक बादल फटने व लैंडस्लाइड की 55 घटनाएं, एक सौ 61 की मौत। आपका फैसला के अनुसार–हिमाचल में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट 7 जिलों में बाढ़ का जोखिम।

दैनिक सवेरा टाईम्स लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हवाले से लिखता है–आपदा में हिमाचल को केंद्रीय मद्द का इंतजार–प्रदेश के सांसदों से केंद्र से मद्द का मुद्दा उठाने का किया आग्रह।

——————————————